**THE CORE IAS**

1. एनएसजी (NSG)के बारे में निम्न कथनों पर विचार कीजिए :
1. संयुक्त राष्ट्र द्वारा स्थापित नाभिकीय आपूर्ति कर्ताओं का समूह
2. चीन व भारत दोनों इस संस्था के सदस्य है
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनीए
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो एक न ही दो

2. **लांग मार्च 2सी कैरियर** उपग्रह किन देशों का संयुक्त कार्यक्रम है है ?
(a) भारत व चीन
(b) चीन व जापान
(c) फ्रांस व चीन
(d) इनमे से कोई नही

3. हाल ही में त्वरित उपचारात्मक कार्रवाई (पीसीए) खबरों में था इसके बारे में नमन कथनों पर विचार कीजिए ?
1.SEBI द्वारा उठाए गए कदम ताकि जो कंपनियां दिवालियापन के कगार पर है उन पर कड़े नियमन लगाए जा सके
2, इसमें विभिन्न trigger points के आधार पर संरचनात्मक व विवेकिकृत (Discreationary) कार्यवाही की जाती है
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनीए
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो एक न ही दो

4. बुग्यालों के बारे में निम्न कथनों पर विचार कीजिए :
1 अरावली में स्थित मखमली घास के मैदान|
2. समुद्रतल से नौ हजार से 12 हजार फीट से अधिक ऊंचाई पर स्थित बुग्यालों में दुर्लभ औषधीय वनस्पतियां पाई जाती हैं।
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनीए
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो एक न ही दो

5. WTO के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर ध्यान दीजिये-
1. घरेलू खाद्य मदद, शोध, अनुसंधान व प्रशिक्षण के लिए अनुदान और पर्यावरण संरक्षण के लिए सहायता AMBER BOX श्रेणी में आते हैं अत: एम्बर बॉक्स में शामिल मदों में सब्सिडी के लिए एक सीमा तय की गयी है
2. कृषि पर डब्ल्यूटीओ का जो समझौता है उसमें 'रेड बॉक्स' का प्रावधान हैऔर 'रेड बॉक्स' में शामिल सब्सिडी को जारी रखने की अनुमति नहीं होती
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनीए
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो एक न ही दो

6. AMBER BOX के बारे में निम्न कथनों पर विचार कीजिए :
1. इस बॉक्स में आने वाली सब्सिडी को धीरे-धीरे कम करना है।
2. मिनिमम सपोर्ट प्राइस (एमएसपी) और उत्पादन की मात्र बढ़ाने से संबंधित सब्सिडी एम्बर बॉक्स में आती हैं।
3. एम्बर बॉक्स में शामिल मदों में सब्सिडी के लिए एक सीमा तय की गयी है जिसे 'डी मिनिमिस' कहते हैं।
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनीए
(a) केवल 3
(b) केवल 2
(c) केवल 2 और 3
(d) इउपरोक्त सभी

7. केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के बारे में निम्न कथनों पर विचार कीजिए :
1. यह वैधानिक संस्था है तथा सर्वप्रथम इसकी स्थापना 1997 में उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद की गई है
2. इसके मुखिया का कार्यकाल 4 वर्ष का होता है तथा उसकी नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा उच्चस्तरीय समिति की अनुशंषाओं पर की जाती है
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनीए
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो एक न ही दो

8.CBI के बारे में निम्न कथनों पर विचार कीजिए
1. यह एक वैधानिक संस्था है जिसकी स्थापना Special Police Establishment कानून के तहत हुई है
2. CVC act, 2003 के अनुसार इस संस्था के डायरेक्टर को दो साल का tenure दिया गया है
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनीए
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो एक न ही दो

ANSWER
1. d
2. जलवायु परिवर्तन पर निगरानी रखने के लिए चीन और फ्रांस का संयुक्त रूप से तैयार किया गया सेटेलाइट
3.B
4.B
समुद्रतल से नौ हजार से 12 हजार फीट से अधिक ऊंचाई पर स्थित बुग्यालों में दुर्लभ औषधीय वनस्पतियां पाई जाती हैं। ये कई तरह की असाध्य बीमारियों के उपचार में काम आती हैं। अब इन वनस्पतियों का अस्तित्व भी मौसम परिवर्तन के कारण खतरे में पड़ गया है। इससे वहां पाए जाने वाले वन्य जीवों की दिनचर्या पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। अगर इसी तेजी के साथ निचले क्षेत्र को पेड़-पौधे बुग्यालों में उगते रहे तो बुग्यालों का अस्तित्व मिटने में देर नहीं लगने वाली
5.d

- Green Box: लाइट जब ग्रीन होती है तो आपको ट्रैफिक सिग्नल पार करने की अनुमति होती है। ठीक इसी तरह डब्ल्यूटीओ में भी सब्सिडी का एक 'ग्रीन बॉक्स' है। इसका मतलब यह हुआ 'ग्रीन बॉक्स' में शामिल सब्सिडी को जारी रखा जा सकता है।


©thecoreias

डब्ल्यूटीओ का मानना है कि ऐसी सब्सिडी जारी रहने से व्यापार में बाधा उत्पन्न नहीं होगी, इसलिए इसे जारी रखा जा सकता है। घरेलू खाद्य मदद, शोध, अनुसंधान व प्रशिक्षण के लिए अनुदान और पर्यावरण संरक्षण के लिए सहायता इसी श्रेणी में आते हैं। सरकारों पर ऐसी सब्सिडी देने पर कोई रोक नहीं है।

- **Red Box:** ट्रैफिक की तीसरी लाइट रेड होती है। जहां रेड सिग्नल होता है वहां से आगे जाने की इजाजत नहीं होती। ठीक इसी तरह डब्ल्यूटीओ के 'रेड बॉक्स' में शामिल सब्सिडी को जारी रखने की अनुमति नहीं होती। हालांकि कृषि पर डब्ल्यूटीओ का जो समझौता है उसमें 'रेड बॉक्स' का प्रावधान नहीं है। 1डब्ल्यूटीओ में सब्सिडी की एक और श्रेणी है जिसे ब्लू बॉक्स कहते हैं। ये ऐसी सब्सिडी हैं जो उत्पादन से संबंधित होती हैं। एम्बर बॉक्स की तरह । फर्क बस इतना है कि इसके तहत कुछ शर्तें लगा दी जाती हैं ताकि व्यापार में बाधा को कम किया जा सके। उदाहरण के लिए सब्सिडी पाने वाले किसानों को यदि उत्पादन सीमित करना है तो उसके तहत आने वाली सब्सिडी ब्लू बॉक्स में आएगी।

6.d

**Amber Box:** ट्रैफिक की दूसरी लाइट एम्बर कलर (पीलेपन के साथ नारंगी रंग) की होती है। एम्बर लाइट का मतलब होता है गति धीमी करना। इसी तर्ज पर डब्ल्यूटीओ में सब्सिडी का एम्बर बॉक्स रखा गया है जिसका मतलब है कि इस बॉक्स में आने वाली सब्सिडी को धीरे-धीरे कम करना है। **मिनिमम सपोर्ट प्राइस (एमएसपी)** और उत्पादन की मात्र बढ़ाने से संबंधित सब्सिडी एम्बर बॉक्स में आती हैं। एम्बर बॉक्स में शामिल मदों में सब्सिडी के लिए एक सीमा तय की गयी है जिसे **'डी मिनिमिस'** कहते हैं। इसका मतलब यह है कि 'डी मिनिमिस' से ऊपर की सब्सिडी को घटाना है। विकसित देशों को एम्बर बॉक्स के तहत आने वाले मदों की सब्सिडी घटाकर वर्ष 1986-88 के दौरान उनके कृषि उत्पादन स्तर के पांच प्रतिशत तथा विकासशील देशों में 10 प्रतिशत तक लानी हैं। अमेरिका, जापान, आस्ट्रेलिया और ब्राजील सहित डब्ल्यूटीओ के 32 सदस्य देश हैं, जिन्हें एम्बर बॉक्स की सब्सिडी कम करनी है।

7.B

8.B


©thecoreias